हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

11 जिले में 42 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार...


12 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 31 तक बढ़ी...


### उत्तम नगर कॉलोनीवासी पांच दिन से पेयजल के लिए तरस रहे

# 3.5 घंटे मोटरें बंद करवा, बूस्टिंग स्टेशन से शहर की सप्लाई की ठप

नगर पार्षद सुभाष तंवर व उत्तम नगरवासियों ने बताया कि जई को पांच दिन से ब्लॉकेज लाइन को दुरूस्त करने के लिए फोन कर रहे थे, लेकिन उन्होंने बात नहीं सुनी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ उत्तम नगर की सप्लाई चालू होने तक शहर की सप्लाई चालू नहीं होने देने पर हरकत में आया जेई, करवाई लाइन की सफाई

गर्मी के मौसम में पिछले पांच दिन से पेयजल संकट झेल रही उत्तम नगर कॉलोनीवासियों ने मंगलवार को दादरी रोड बूस्टिंग स्टेशन पर जमकर बवाल काटा और बूस्टिंग स्टेशन की सभी मोटरें बंद करवाकर शहर की सप्लाई ठप करवा दी। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ताजदीन में आए और उन्होंने मौके पर पहुंचकर उत्तम नगर की ब्लॉकेज लाइन को दुरूस्त करवाने का काम शुरू करवाया।

नगर पार्षद सुभाष तंवर व उत्तम नगरवासियों ने बताया कि जेई ताजद्दीन को पांच दिन से फोन करके ब्लॉकेज लाइन को दुरूस्त करवाने को कहा जा रहा हैं, लेकिन जेई ताजद्दीन क्षेत्रवासियों की समस्या को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है और झूठ पे झूठ बोलकर टरकाने की कोशिश करते रहते हैं। इसके बाद मजबूरीवंश क्षेत्रवासियों को ये कदम उठाना पड़ा। उल्लेखनीय हैं कि भीषण गर्मी में जीवन जीने के लिए पानी ही सहारा हैं, ऐसे में अगर पानी ही न मिले तो गर्मी में जीना मुहाल हो जाता हैं, ऐसी ही समस्या उत्तम नगरवासी पिछले पांच दिन से झेलते आ रहे हैं।

नगर पार्षद सुभाष तंवर व कॉलोनीवासी बार बार जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ताजदीन को फोन करके ब्लॉकेज पेयजल लाइन को दुरूस्त करवाने व पर्याप्त पेयजल सप्लाई की मांग करते रहे, लेकिन जेई ताजदीन हर बार झूठे आश्वासन देकर टरकाने की कोशिश में ही लगे रहते हैं, जिसके बाद मंगलवार को दोपहर तीन बजे बढ़ते तापमान के साथ ही नगर पार्षद सुभाष तंवर व कॉलोनीवासियों का पारा भी चढ़ गया और उन्होंने दादरी रोड बुस्टिंग स्टेशन में पहुंचकर जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर बवाल काटा और नारेबाजी की। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने विरोधस्वरूप बूस्टिंग स्टेशन में शहर की सप्लाई के लिए चलाई गई सभी मोटरें बंद करवा दी और सप्लाई को ठप कर दिया।

### ये रहे मौजूद

रोष जताने वालों में नगर पार्षद सुभाष तंवर, सोनू गुर्जर, ओमप्रकाश वालिया, सुनील जांगड़ा, संदीप, दिनेश, अनिल, एडवोकेट महेंद्र, बबली, ओमप्रकाश, सहित अनेक कॉलोनवासी शामिल थे।

### फोन नहीं उठाते जेई, पूरा शहर परेशान : क्षेत्रवासी

उत्तम नगरवासी प्रताप सिंह व दिनेश ने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ताजदीन पर आरोप लगाया कि वह कभी भी फोन नहीं उठाते और कभी कबार उठाते भी हैं तो संतोषजनक जवाब नहीं देते, हमेशा झूठ एवं टरकाने की ही कोशिश करते रहते हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप हैं कि जेई ताजदीन की कार्यप्रणाली से पूरा शहर परेशान हैं, विभाग के उच्चाधिकारी इस संबंध में किसी भी कॉलोनी में पता करवाकर देख लें। उन्होंने जिला प्रशासन व विभाग के उच्चाधिकारियों से आह्वान किया कि ऐसे कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जो सरकार को बदनाम करने में लगे हुए हैं और फील्ड में अच्छे अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, जो जनसमस्याओं को गंभीरता से लें और उनका समय रहते समाधान भी करें।

### लाइन दुरुस्त करवाई

बूस्टिंग स्टेशन की मोटरे बंद होने से घंटाघर चौक क्षेत्र, कृष्णा कॉलोनी, हनुमान गेट, शिव नगर कॉलोनी, बाडी मोहल्ला, नूनसर जोहड़ सहित आधा शहर की सप्लाई बंद होने के बाद जेई ताजदीन हरकत में आए और मौके पर पहुंचे। जेई ताजदीन ने मौके पर पहुंचकर पार्षद तंवर व कॉलानीवासियों को फिर से टरकाने की कोशिक की, लेकिन कॉलोनीवासी उत्तम नगर की सप्लाई चालू होने तक शहर की सप्लाई चालू नहीं करने देने की बात पर अड़ गए। जेई ताजदीन ने आनन फानन में उत्तम नगर की पेयजल लाइन को दुरूस्त करने के लिए कर्मचारियों को लगाया। कर्मचारियों ने साढ़े तीन घंटे तक लाइनों में फंसे पक्षियों व अन्य कचरे को बाहर निकाल दिया।



भिवानी। पेयजल समस्या को लेकर जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रदर्शन करते टिब्बा बस्तीवासी।

## पेयजल के लिए हनुमान ढाणी टिब्बा बस्ती के क्षेत्रवासियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पेयजल आपूर्ति बहाली को अधिकारियों के खिलाफ किया प्रदर्शन,आंदोलन करने की दी चेतावनी

जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में हनुमान ढाणी टिब्बा बस्ती की गली तीन की महिलाओं ने पिछले एक सप्ताह से पीने का पानी नहीं आने से पर रोष जताया। महिलाओं ने आक्रोश स्वरूप मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि दूसरी बस्ती में पीने का पानी नहीं पहुंचने पर विभाग ने टिब्बा बस्ती की लाइन को रोक दिया, फिर टिब्बा बस्ती में सप्ताह से पानी नहीं आया, जहां पानी पहुंचाना रहे थे, वहां भी पानी नहीं पहुंच पाया। टिब्बा बस्तीवासियों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए जनसंघर्ष समिति के संयोजक एवं माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश को मौके पर बुलाया और विभाग के एसडीओ से बात कर बस्तीवासियों की पानी की समस्या का समाधान करने का आह्वान किया। उन्होंने हनुमान ढाणी गली नंबर-3 के निवासियों की भी पानी की समस्या के समाधान करने की मांग की। माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास ने कहा कि पूरे शहर में पीने के पानी व बिजली संकट को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। 42 दिन में नहर में पानी आता है, उसमें भी तीन या चार दिन ही वाटर टैंकों व जोहड़ों के लिए पानी मिलता है। महीने के आखिरी 10 दिनों में पीने का पानी मिल ही नहीं पाता है। लोग 800 से एक हजार रुपये लगाकर टैंकर मंगवाने के लिए मजबूर होते है। शहर में तीन वाटर टैंक बनवाने व 42 वर्षों की लाइन बदलवाने के लिए जो टैंडर जारी किए है, उन्हें फाइनल करने में भी मुख्यमंत्री दो महीने लें रहे हैं। सरकार व प्रशासन की ढिलाई का शिकार जनता हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन व विभाग को चेताया की जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं किया तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन में नंदकिशोर सैनी, शिवकुमार, सुमित्रा सैनी, चंद्रकला, सुनिता, पूनम, संतोष, नानीबाई, कमलेश व सरोज शामिल रही।

### खबर संक्षेप

#### 2 से शुरू होंगे आईटीआई के लिए दाखिला आवेदन

**चरखी दादरी।** दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आते ही आज का युवा हाथ के हुनर की तरफ रुझान कर रहा है। ऐसे में आगामी सत्र में आईटीआई में दाखिलों के लिए इच्छुक छात्रों के लिए दाखिला पोर्टल 2 जून से शुरू कर दिया गया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी के प्रधानाचार्य ने कहा है कि रावलधी स्थित शहीद नरेंद्र कुमार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में दाखिला लेकर कोई भी युवा अपने करियर को बना कर अपने सपनों को उड़ान दे सकते है।

#### शार्ट सर्किट से मकान में रखा घरेलू सामान जला

**बाढ़ड़ा।** चांदवास में मंगलवार को घरेलू बिजली आपूर्ति के तारों में अत्यधिक गर्मी के कारण हुए शॉर्ट सर्किट से घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। चांदवास निवासी संदीप ने उपमंडल अधिकारी बाढड़ा को दिए शिकायत पत्र में बताया कि मंगलवार दोपहर अचानक बिजली का वोल्टेज तेज होने से घर की वायरिंग व केबल का रबर पिघल गया, जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया। हादसे में अलमारी, कूलर, वाशिंग मशीन, मि1सी, टेबल, चारपाई, ड्रेसिंग शीशा, अनाज सहित अन्य घरेलू सामान जल गया।

## राजीव गांधी स्टेडियम में खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव मित्ताथल के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में सभी खेल नर्सरियों के युवा खिलाड़ियों ने मिलकर अनूठा और प्रेरणादायी सफाई अभियान चलाया। अभियान के जरिए युवा खिलाड़ियों ने न केवल स्टेडियम परिसर को चकाचक किया, बल्कि समाज को संदेश भी दिया कि सामूहिक प्रयासों से किसी भी बड़े बदलाव की शुरुआत की जा सकती है।

गांव मित्ताथल के हैंडबॉल कोच परमवीर सिवाच ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गांव के राजीव गांधी स्टेडियम में वर्तमान में हैंडबॉल, बॉक्सिंग



और कबड्डी की खेल नर्सरियां संचालित की जा रही हैं। इन नर्सरियों में क्षेत्र के सैंकड़ों उभरते हुए खिलाड़ी रोजाना अपने हुनर को तराशते हैं। सभी खेलों के खिलाडियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने अभ्यास क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। इसके बाद मंगलवार सुबह अभ्यास सत्र के बाद सभी खिलाड़ी एकजुट हुए और पूरे स्टेडियम परिसर में सघन सफाई अभियान छेड़ दिया। कोच परमवीर ने संदेश में कहा कि खेल हमें सिर्फ जीतना नहीं सिखाते, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का अहसास भी करवाते हैं।

इस मौके पर बॉक्सिंग कोच कप्तान बेनीवाल, कोच टेकराम, पवन मास्टर, कोच ओमबीर, कोच मोनिका व हैंडबॉल कोच आशीष की देखरेख में खिलाडियों ने पूरे स्टेडियम का कोना-कोना चमका दिया।

## सड़कों पर लगी सौर उर्जा लाइटें खराब दुकानदारों ने की ठीक करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

कस्बे की सड़कों पर लगी सौर उर्जा की अनेक लाइटें खराब हो चुकी है जिसके कारण सूरज ढलते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। इससे कस्बे के लोगों में रोष व्याप्त है। या तो लाईटे ठीक की जाए या नई लाईटे लगवाने की मांग की। दुकानदारों सुरेश कुमार, अनिल कुमार, अशोक कुमार, सुखबीर, विजयपाल, जगदीश ने बताया कि प्रशासन ने कस्बे की सड़कों को रात्रि में रोशन करने के लिए पांच छह वर्ष पहले सौर उर्जा लाइटें लगवाई गई थी, जिन पर लगभग 75 लाख रुपये का खर्च आया था, लेकिन प्रशासन ने कस्बे की सड़कों पर सौर उर्जा



■ देखरेख के अभाव में काफी सौर उर्जा आधारित लाइटें हो चुकी हैं खराब

लाइटें लगवाने के बाद लाइटों की सुध नहीं ली। देखरेख के अभाव में काफी सौर उर्जा आधारित लाइटें धीरे-धीरे खराब होती चली गई। कस्बे की हर सड़क पर काफी लाइटें खराब पड़ी हैं जिसके कारण शाम होते ही कस्बे की सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। इससे कस्बे के दुकानदारों में रोष व्याप्त है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कस्बे की सड़कों पर लगाई गई सौर उर्जा आधारित लाइटों को ठीक करवाया जाए ताकि आम आदमी को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुंदरपाल ने बताया कि जल्द ही प्रशासन के अधिकारियों से मिल कर इस बारे में बात करेंगे। प्रशासन स्ट्रीट लाइटों की कब लेगा सुध कस्बे के दुकानदारों ने बताया कि वे पिछले काफी समय से स्ट्रीट लाईटों को ठीक करवाने की मांग को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन प्रशासन मामले में कोई सुध नही ले रहा है। लाईटें खराब होने के कारण महिलाओं व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन उपयोग पर काटे 3500 रुपये के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद की टीम ने जेई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान हनुमान गेट क्षेत्र में 3500 रुपये के पांच चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में आमजन को



जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों से अपील की कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग न करें।

## गांव कारी आदु की प्रतिभावान बेटी मुस्कान श्योराण को एयरफोर्स की ऑल इंडिया रैंकिंग में मिला 69वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



■ घर पर रहकर की तैयारी, एयरफोर्स में चयन पर ग्रामीणों में खुशी

■ पूरे देश में 369 लड़कियों का एयर फोर्स में चयन हुआ

गांव कारी आदु निवासी मुस्कान श्योराण पुत्री राजकुमार श्योराण का 369 आल इंडिया रैंकिंग में एयरफोर्स में चयन हुआ है। छात्रा के बेहतरीन प्रदर्शन पर गांव में खुशी की लहर है। सरपंच डॉ ज्योति शर्मा ने बताया कि छात्रा मुस्कान ने कारी आदु के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से 12वीं की परीक्षा पास की और बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर तैयारी करते हुए आल इंडिया में अच्छी रैंकिंग प्राप्त की।

मुस्कान ने अपने पापा मास्टर राजकुमार श्योराण से घर पर ही तैयारी करते हुए फौज में जाना अपना लक्ष्य बनाया और एयर फोर्स में जाने की ठानी। दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए उसने ऑल इंडिया लेवल की परीक्षा की तैयारी की। पूरे देश में 369 लड़कियों का एयर फोर्स में चयन हुआ है जिसमें कारी आदु की मुस्कान ने बाजी मारते हुए देश सेवा करने का अपना लक्ष्य प्राप्त किया। मुस्कान ने फिजिकल, मेडिकल और परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटरव्यू में सफलता प्राप्त की। १९ मई को मुस्कान के घर खुशियों की बरसात हुई जब आल इंडिया रैंकिंग में मुस्कान में सफलता प्राप्त करते हुए एयर फोर्स में चयन करवाया। इस शानदार परिणाम और उपलब्धि पर पूरे गांव कारी आदु में खुशियों की लहर है। सरपंच डॉ ज्योति शर्मा ने बताया कि हमारी लड़की के लड़कों से कम हैं। मुस्कान हमारे गांव की मॉडल लड़की है जिसने सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करके गांव का नाम रोशन किया है। हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। लड़की मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पापा मास्टर राजकुमार, माता सुशीला देवी और शिक्षकों को दिया है।

### वेटरन संगठन के प्रधान ने जिला प्रशासन के रवैये पर कड़े सवाल उठाए

# पंडित नेकीराम शर्मा चौक बहा रहा बदहाली के आंसू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आजादी के नायक पंडित नेकीराम चौक पर जमा गंदगी, एक साल से सोया प्रशासन: ग्रेवाल
महापुरूषों का अपमान नहीं होगा बर्दाश्त, आंदोलन को मजबूर होगा संगठन: बिरेंद्र

शहर के मुख्य चौक एवं चौराहों पर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य ये था कि आने वाली युवा पीढ़ी उनके जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश व समाजहित में कार्य कर सके।

शहर के चौकों की दुर्दशा को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ये प्रतिमाएं महापुरुषों के सम्मान में नहीं, बल्कि उनके अपमान के लिए लगाई गई थीं। ऐसा ही शर्मनाक नजारा शहर के सबसे व्यस्ततम एवं मुख्य चौक घंटाघर पर देखने को मिल रहा है, जहां देश की आजादी में सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी हरियाणा केसरी पंडित नेकीराम शर्मा की प्रतिमा जिला प्रशासन की घोर अनदेखी एवं लापरवाही का शिकार है।

इस गंभीर मुद्दे पर गहरा रोष प्रकट करते हुए वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने जिला प्रशासन के रवैये पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पंडित नेकीराम शर्मा के नाम पर स्थापित यह चौक आज अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। विडंबना है कि ये शहर का सबसे प्रमुख और व्यस्त इलाका है, जहां से रोजाना हजारों लोग और प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं। इसके बावजूद चौक पिछले करीब एक वर्ष से समस्याओं का गढ़ बना हुआ है। चौक पर लगी लाइटें लंबे समय से खराब हैं, जिसकारण रात के समय पूरा परिसर अंधेरे में डूबा रहता है। यही नहीं चौक के अंदर और चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है, जिससे स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा के आसपास कचरा पसरा रहता है। सूबेदार मेजर ग्रेवाल ने कहा कि बेहद शर्मनाक और पीड़ादायक है कि जिस महान स्वतंत्रता सेनानी ने देश को आजाद करवाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके नाम पर बने चौक की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जब हम अपने पूर्वजों, शहीदों और महापुरुषों का सम्मान ही नहीं सुरक्षित रख पाएंगे, तो हमारी युवा पीढ़ी को क्या संदेश जाएगा।

### दुकानदारों ने समस्याओं को लेकर विभाग के अभियंता को सौंपा ज्ञापन

पाइप लाइन बिछाने के कार्य के चलते उड़ने वाली धूल दुकानदारों के लिए बनी परेशानी का सबब, पानी का छिड़काव करवाने की मांग की

**चरखी दादरी।** झाड़ू सिंह चैक निकट स्थित यूनिट 32 के दुकानदारों ने प्रधान सुदेश वर्मा व सुरेश फौगाट की अध्यक्षता में विभिन्न समस्याओं को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अभियंता से उनके कार्यालय में पहुंच कर मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंप परेशानियों के हल के लिए मांग की गई। सभी ने डिप्टी सुपरिटेंडेंट रविंद्र सांगवान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नई पाइप लाइन बिछाने के कार्य के चलते यहा पूरे दिन धूल उड़ती रहती है, गर्मी में बड़ी समस्या है, इसके लिए रोजाना सुबह व शाम को पानी का छिड़काव करवाया जाए। झाड़ू सिंह चैक से रोहतक चैक तक गंदे पानी के निकासी के दो नाले बने हैं। यहां चिकित्सालय के निकट से एक नाले का कनेक्शन था, जहां से गंदा पानी नजदीकि सीवर में जाता था, लेकिन अब इसे हटा दिया गया है, इससे राजकीय विद्यालय के समक्ष गंदा पानी खडा रहता है इसलिए करीबन 15 फूट की इस पाईप लाईन को दोबारा शुरू करवाया जाए। इसके अलावा पुरानी पेयजल सप्लाई लाईन के जरिए राजकीय विद्यालय के बच्चों व सरकारी अस्पताल के लिए सप्लाई चालू की जाए। इस मौके पर राजेंद्र मिस्त्री, सतवीर बलकरा, राहुल गुलिया, बिंटू, मनजीत फोगाट, डब्बू शर्मा, संदीप राजकुमार,अनिल, कृष्ण व सुमित आदि थे।



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

## टीवी मसाला



# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।

## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है।



दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।



## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉड्र्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

## खबर संक्षेप

### अब मंदीप कौर होंगी चरखीदादरी की डीसी



**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 21 आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के तबादले एवं नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। इनमें मंदीप कौर को चरखी दादरी की डिप्टी कमिश्नर(डीसी) बनाया गया है, जबकि मोहम्मद इमरान रजा को मानव संसाधन विभाग का निदेशक एवं विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।



### पूर्व अध्यक्षा दर्शना को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** आदर्श महिला कॉलेज प्रबंधकारिणी समिति की पूर्व अध्यक्षा दर्शना गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के मार्गदर्शन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक स्टाफ ने उन्हें नमन कर पुष्पांजलि दी। इस मौके पर उपस्थित स्टाफ ने दर्शना गुप्ता के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और नारी सशक्तिकरण के लिए किए प्रयासों को विस्तार से स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दर्शना गुप्ता का जीवन समाज के लिए मागदर्शक की तरह है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए न केवल बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### श्रीराम पाठशाला में स्व. गणपतराय को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** श्रीराम पाठशाला में स्वर्गीय गणपतराय मिण्डुका की 26वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन श्रद्धा, सम्मान एवं भक्ति भाव के साथ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, परिजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर स्वर्गीय गणपतराय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ।

### केंद्र सरकार की जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी पहल

# जिले में 42 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार, लाइटों से होंगे रोशन

## सप्ताहभर में साफ-सफाई का काम हो जाएगा पूरा

■ रात को लाइटों से रोशन हो रहे तालाब, पगडंडी, लाइटिंग व पौधरोपण किया जा रहा : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जून माह के मध्य में अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत प्रदेश में करीब 350 सरोवरों का उद्घाटन किया जाना है, जिनमें जिला भिवानी के 42 सरोवर हैं। अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत जीर्णोद्धार के बाद अनेक तालाब ऐसे हैं, जिनकी शोभा देखते ही बनती है। रात के समय यहां पर लगी लाइटों से तालाब तथा आसपास का क्षेत्र रोशन हो रहा है। डीसी साहिल गुप्ता ने पंचायत व पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला में उद्घाटन से संबंधित तालाबों की साफ-सफाई जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। तालाबों का सौंदर्यकरण सरकार द्वारा निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप हों।

इस दौरान पंचायतीराज के कार्यकारी अभियंता संभव जैन ने डीसी को बताया कि जिला में अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत कुल 78 सरोवर हैं, जिनमें 24 अमृत सरोवरों का पहले ही शुभारंभ किया जा चुका है। अब 42 तालाबों का शुभारंभ किया जाना है। इन सरोवरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है। यहां पर कार्य को साफ-सफाई कर अंतिम रूप दिया जाना शेष है, जो कि सप्ताहभर में कर दिया जाएगा। शेष 12 सरोवरों पर अभी काम होना है। डीसी ने निर्देश दिए कि उद्घाटन से संबंधित 42 सरोवरों पर सरकार के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र कार्य पूरा किया जाए। इन तालाब के जीर्णोद्धार व लाईट लगने से वे रोशन हो रहें हैं। इन तालाबों की शोभा रात को देखते ही बनती है।





**भिवानी।** लाइटों से जगमगाता बड़सी गुजरान का तालाब। फोटो : हरिभूमि

### गांवों में प्रस्तावित इन तालाबों का होगा उद्घाटन

अमृत सरोवर प्लस योजना में जिले के विभिन्न गांवों में विकसित किए तालाबों एवं जोहड़ों में बवानीखेड़ा, बहल, भिवानी, कैरू, लोहारू, सिवानी और तोशाम खंडों के गांव शामिल हैं। बवानीखेड़ा खंड के गांव बलियाली, रतेरा, बड़सी गुजरान, किरावड़, पुर, सुई में तालाबों का उद्घाटन किया जाएगा। बहल के गांव कासनी खुर्द तथा गांव शहरयारपुर में अमृत सरोवर विकसित किया। भिवानी खंड के बामला-प्रथम, चांग, देवसर, धनाना तृतीय, धारेडू, पालुवास, खरककलां, खरक खुर्द, मुंढाल खुर्द, पूर्णपुरा, रेवाड़ीखेड़ा व तिगड़ाना तथा कैरू खंड के गांव इंदीवाली में वेस्ट वाटर तालाब को योजना में शामिल किया है। लोहारू खंड के गांव अमीरवास,बड़दू धीरजा तथा गागड़वास में जोहड़ विकसित किया गया है। सिवानी खंड के गांव मीठ्ठी में तथा तोशाम खंड के छप्पार जोगियान, ढ़ाणीमाहू, गारनपुरा कलां, झुल्ली, खानक, खावा, मिरान, संडवा व थिलोड़ में तालाब का लोकार्पण किया जाएगा।

### तालाबों के चारों ओर बनेंगे रास्ते: डीसी



डीसी गुप्ता ने बताया कि सरकार ने तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण के लिए अमृत सरोवर योजना शुरु की थी, जिसके तहत तालाबों की गाद निकालकर उनकी सफाई करना, तालाब के चारों ओर पगडंडी बनाना, वहां पर लाइट लगवाना व पर्याप्त जगह पर पौधारोपण करना शामिल रहा है। इसी के साथ ही सरकार ने अमृत सरोवर प्लस योजना शुरू की, जो केंद्र सरकार की जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास की जुड़ी पहल है। तालाबों के जीर्णोद्धार से पानी की कमी को दूर करना है। गांव में सिंचाई पशुपालन आदि में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। तालाबों के आसपास हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्थिति में सुधार लाना है।




### एनएसएस स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के द्वितीय बैच के स्वयंसेवकों को मेरिट प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्यतिथि बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा एवं विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया रहे। स्वयंसेविका निकिता ने स्वागत कविता का गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। निदेशक डॉ. सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। एनएसएस विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि सेवा भाव ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। स्वयंसेविका नंदीका सहित अन्य विद्यार्थियों ने एनएसएस से प्राप्त अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने "नोट यू, बट मी" के मूल भाव को अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य झाझरिया ने विद्यार्थियों को सेवा, संस्कार एवं परोपकार की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### भिवानी के महिला थाना की एसएचओ रिश्वत लेते दबोची



**भिवानी।** भिवानी के महिला थाना की एसएचओ को हिसार विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनके पास से टीम ने 7 हजार रुपये बरामद किए हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भिवानी महिला थाने में एसएचओ कमलेश ने सरकारी काम करने के बदले पैसों की डिमांड की थी। हालांकि किस मामले में एसएचओ ने रिश्वत ली, अभी इसकी जांच की जा रही है। मंगलवार शाम छापेमारी करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो टीम एसएचओ को अपने साथ ले गई। इस दौरान एसएचओ कमलेश सिविल ड्रेस में ही नजर आई। वहीं एसीबी ने कुछ डॉक्यूमेंट भी जब्त किए हैं। समझौता कराने के लिए 7 हजार मांगेः एसीबी से जुड़े एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एसएचओ कमलेश ने महिला थाने में दर्ज एक केस के बदले 7 हजार रुपये की डिमांड की थी। शिकायतकर्ता ने की शिकायत हिसार एसीबी टीम से की। इसके बाद एसीबी ने प्लानिंग कर शिकायतकर्ता को मंगलवार शाम थाने बुलाया। रिश्वत के पैसे लेते ही एसीबी ने एसएचओ कमलेश को रंगेहाथ 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

## श्रीकृष्ण ने तोड़ा इंद्रदेव का घमंड, बृजवासियों को गाय व गोवर्धन पर्वत की पूजा का किया आह्वान

■ आजाद नगर स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आजाद नगर स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर तुहीराम हरनाम दास धर्मार्थ मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन दिन गोवर्धन पूजा उपलक्ष्य पर समिति सचिव सुरेंद्र सोनी ने कथावाचक कपिल शास्त्री, राजेश शर्मा, सुनील कामरेड व कोषाध्यक्ष सोमदत्त तिवाड़ी को पटका पहनाकर व गीता भेंट कर सम्मानित किया। सोनी ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से मंदिर में पशु-पक्षियों एवं जानवरों की रसोई में प्रतिदिन कुत्ते, बंदर, गाय व पक्षियों के लिए भोजन बनाकर शहर में जाकर खिलाया जा रहा है। वहीं घायल व बीमारी जानवरों का मौके पर जाकर दवा-पानी व उपचार किया जा रहा है।



**भिवानी।** श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देते कथावाचक कपिल शास्त्री।

मंदिर में पानी के लिए एक हार्स पावर की पानी की मोटर व 100 मीटर पाइप दान में देने की घोषणा की। समापन दिवस पर 28 मई को हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीमदभागवत कथा महोत्सव में अनेक महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे प्रतिदिन कथा का रसपान कर रहें हैं। कथा वाचक कपिल शास्त्री ने कहा कि एक बार ब्रजवासियों ने देवराज इंद्र की पूजा की तैयारी की, तब भगवान कृष्ण ने उन्हें समझाया कि हमारे कर्म ही हमें फल देते हैं, इसलिए हमें इंद्र की बजाय अपने गोधन (गायों) और गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए, जो हमें फल, फूल व आश्रय देते हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समिति संरक्षक चौधरी ओमप्रकाश ग्रेवाल, प्रधान बृजपाल परमार, उपप्रधान श्यामलाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोमदत्त तिवारी, समिति सदस्य बलवान सोनी, अशोक शर्मा, जयप्रकाश सोनी, सुनील कामरेड व राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### मोदी सरकार का कार्यकाल विश्वास और विकास का कालखंड: रीतिक

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 मई को केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल तथा सत्ता में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दी। भाजपा के पूर्व प्रदेश सहमीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण का एक ऐतिहासिक कालखंड हैं। यह अवधि जनसेवा, कड़ी मेहनत और राष्ट्र-प्रथम के संकल्प का मील का पत्थर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जो कार्य पूर्ववर्ती सरकारें दशकों में नहीं कर पाईं, उन्हें मोदी सरकार ने महज 12 वर्षों में मुमकिन कर दिखाया है। वधवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब साल 2014 में केंद्र में नई सरकार बनी, तब देश भ्रष्टाचार, धीमी अर्थव्यवस्था व सिस्टम की सुस्ती जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। वर्ष 2026 में जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो पाते हैं कि बीते 12 साल सिर्फ सरकार के कार्यकाल के नहीं, बल्कि भारत की व्यवस्था, अर्थव्यवस्था एवं उसकी वैश्विक साख के पूरी तरह बदल जाने की कहानी हैं। इस दशक से ज्यादा के सफर में 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' का नारा केवल चुनावी जुमला बनकर नहीं रहा, बल्कि जमीन पर उतरता हुआ दिखा। इस अवसर पर किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी भूपेंद्र तिगड़ी अजीत तिगड़ी, हितेश ने भी केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों को बधाई दी।



भिवानी। केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर केक काटकर खुशी मनाते भाजपा नेता रीतिक वधवा व अन्य।

## 83 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा

■ बाढड़ा विस क्षेत्र में 92.36 और दादरी विस क्षेत्र में 73.19 प्रतिशत मैपिंग पूरी कर ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला में किए जाने वाले मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष 2002 की मतदाता सूची के साथ मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। जिला में अभी तक लगभग 83 प्रतिशत मैपिंग पूरी की जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला में मतदाता सूची को मजबूत करने और फर्जी या दोहरे वोटों को हटाने के लिए तेजी से डिजिटल और भौगोलिक मैपिंग की जा रही है। वर्तमान में जिला में मतदाता सूची मैपिंग का कार्य लगभग 83 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। जिला के बाढड़ा विधानसभा में 92.36 और दादरी विधानसभा में 73.19 प्रतिशत मैपिंग पूरी कर ली गई है।

इस प्रक्रिया के तहत बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की पहचान कर उन्हें सही मतदान केंद्रों के साथ जोड़ा जा रहा है। आंकडो के आधार पर अगर जिला की बात की जाए तो यहां कुल 484 मतदान केंद्र हैं और इतने ही बीएलओ मैपिंग के कार्य में लगे हुए हैं। बाढड़ा में मतदान केंद्रों की संख्या 239 और दादरी में मतदान केंद्रों की संख्या 245 है। जिला में कुल 44 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। इनमें से 14 केंद्र बाढडा में और 30 केंद्र दादरी में हैं।

उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा 15 जून है और इसके तहत घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसके लिए 1 जुलाई को अर्हता तिथि माना गया है। घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक होगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर का दौरा करेंगे और नए पात्र मतदाताओं, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं का विवरण सत्यापित करेंगे और 21 जुलाई को प्रारंभिक जांच के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को जनता के सामने प्रकाशित किया जाएगा।

#### मतदाताओं के रिकार्ड में अनियमितताएं मिली

मैपिंग के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार जिला में मंगलवार सुबह तक कुल 4 लाख 10 हजार 360 मतदाताओं में से 3 लाख 38 हजार 426 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब 71 हजार 934 मतदाताओं की मैपिंग शेष बची है। अब तक हुई मैपिंग के दौरान लगभग 50 हजार मतदाताओं के रिकार्ड में अनियमितताएं मिली हैं।

### डीएसआर मशीन से धान की बिजाई पर मिलेंगे 4500 रुपये प्रति एकड़

■ किसान को डीएसआर मशीन खरीदने पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 40 हजार रुपये

**भिवानी।** खरीफ सीजन-2026 में किसानों के लिए धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। डीएसआर तकनीक अपनाने वाले किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही डीएसआर मशीन खरीदने पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 40 हजार रुपये तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक किसान 15 जून तक पंजीकरण करवा सकता है। सहायक कृषि अभियंता नसीब धनखड़ ने बताया कि धान की सीधी बिजाई प्रदर्शन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 15 जून 2026 तक पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। योजना के तहत प्रति किसान क्षेत्रफल की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है तथा लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएसआर तकनीक पारंपरिक धान रोपाई की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक पानी की बचत करती है। इससे भूजल स्तर को बचाने में भी मदद मिलती है। विभाग के अनुसार हरियाणा सरकार द्वारा खरीफ-2026 सीजन में राज्यभर में 600 डीएसआर मशीनें अनुदान पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अलावा मक्का बिजाई मशीन पर भी 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपकृषि निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि डीएसआर तकनीक में प्रति एकड़ लगभग आठ किलोग्राम बीज पर्याप्त रहता है। धान के स्थान पर कम पानी वाली फसलें जैसे मक्का, कपास, अरहर, मूंग, मोठ, उड़द, सोयाबीन, तिल तथा सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को आठ हजार रुपए प्रति एकड़ अनुदान मिलेगा।

## गांव चरखी में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ संदिग्ध व्यक्तियों के घरों की ली गई तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के दिशा-निर्देशन में जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीएसपी कप्तान सिंह के नेतृत्व में गांव चरखी व शहर दादरी में नशे के कारोबार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया।

इस अभियान में प्रभारी थाना सदर सतबीर सिंह, आर्थिक शाखा प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, इमलोट चौकी प्रभारी अमित, सुरक्षा शाखा प्रभारी राजेश कुमार, पुलिस टीम, स्टेट एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम तथा डॉग स्कवॉयड ने संयुक्त रूप से भाग लिया। पुलिस की विभिन्न टीमों ने गांव चरखी में चिन्हित संदिग्ध व्यक्तियों के घरों और आसपास के स्थानों की गहनता से तलाशी ली।

तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने संदिग्ध गतिविधियों और नशे के कारोबार से जुड़े संभावित सबूतों की बारीकी से जांच की। डॉग स्कवॉयड की सहायता से घरों, कमरों तथा अन्य संदिग्ध स्थानों की विशेष रूप से जांच की गई ताकि किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ, अवैध सामग्री अथवा आपत्तिजनक सामान का पता लगाया जा सके।

पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के तहत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध सामान को कब्जे में लिया गया तथा उसकी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



**चरखी दादरी।** चरखी गांव में घर की तलाशी लेते पुलिस टीम फोटो : हरिभूमि

**13 केसों की सहायता राशि सुनिश्चित करने तथा नौ केसों को खारिज करने पर विचार-विमर्श किया**

# समीक्षा बैठक में डॉग बाइट के 22 मामलों पर की चर्चा

■ पीड़ित लोगों को दयालु-द्वितीय योजना का लाभ जरूर मिलना चाहिए : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में दयालु-द्वितीय योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की। बैठक में डॉग बाइट के कुल 22 मामलों पर विचार किया, जिसमें 13 केसों की सहायता राशि सुनिश्चित करने तथा नौ केसों को खारिज करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। एडीसी करवा ने कहा कि दयालु-द्वितीय योजना के तहत बेसहारा/जंगली पशुओं गाय, बैल, कुत्ते, नील गाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु/ घायल होने/ दिव्यांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मृत्यु या नॉर्म अनुसार प्रतिशत दिव्यांगता होने पर एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बैठक के दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं दयालु योजना के सदस्य सचिव डॉ. भागीरथ कौशिक ने एडीसी दीपक बाबूलाल को बताया कि पीड़ित लोगों के जरूरी दस्तावेज पूरे करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों में दुर्घटना स्थल फोटो, परिवार पहचान पत्र, एफआईआर/डीडीआर, मृत्यु प्रमाण पत्र और अस्पताल डिस्चार्ज प्रमाण पत्र जरूरी है। बैठक में सिवानी की एसडीएम विजया मलिक और लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल वीसी के माध्यम से जुड़े, वहीं एसडीएम महेश कुमार बैठक में मौजूद रहे। एडीसी ने सिवानी के एसडीएम को कस्बा सिवानी में आवारा कुत्तों को पकड़वाकर उनकी नसबंदी करवाने के निर्देश दिए।

#### यूं मिलेगा पीड़ित को दयालु-द्वितीय योजना का लाभ

कुत्ते के काटने के मामले में मुआवजे की राशि न्यूनतम 10 हजार रुपए प्रति दांत के निशान पर होगी और जहां मांस त्वचा से अलग हो गया है, कुत्ते के काटने के मामले में यह न्यूनतम 20 हजार रूपए प्रति 0.2 सेमी घाव पर होगी। इसी प्रकार से 12 वर्ष तक आयु के बच्चों के लिए एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष के लिए दो लाख रुपए, 18-25 वर्ष के लिए तीन लाख, 25 से 45 वर्ष आयु तक के लिए पांच लाख रुपए, 45 वर्ष से अधिक वायु वाले के लिए तीन लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। लाभार्थी/दावेदार को दुर्घटना के 90 दिनों के भीतर सहायता हेतु योजना के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक विवरण और आवश्यक दस्तावेजों सहित एक आवेदन पत्र भरकर दावा दायर करना होगा।



**भिवानी।** डीआरडीए सभागार में दयालु-द्वितीय योजना की समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा व एसडीएम महेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान के अलावा लोक निर्माण विभाग और चिकित्सा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### गोसेवा सबसे बड़ी सेवा है, सभी को करना चाहिए सहयोग : अग्रवाल

**बहल।** श्रीअलख गोशाला में सोमवार रात को गोसेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की 11वीं पुण्यतिथि पर विशाल जागरण का आयोजन किया। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भजन-कीर्तन का आनंद लिया और गोसेवा व धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना और मां भगवती के भजनों के साथ हुआ। भजन गायकों ने गौसेवा के लिए प्रेरित करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भक्ति रस में डूबकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय ताराचंद हमेशा गोसेवा और समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहे। उनकी स्मृति में जागरण समाजसेवा, संस्कार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गोसेवा सबसे बड़ी सेवा है और सभी को इसमें अपना सहयोग देना चाहिए। इसी कड़ी में मंगलवार को श्रीअलख गोशाला में हवन व भंडारे का आयोजन किया।



भिवानी। श्रीअलख गोशाला में हवन करते श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समाधान बारे निर्देश दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि अधिकारी आमजन की सभी शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाने में विभागीय अधिकारी सजगता दिखाएं। समस्याओं का समाधान करके आमजन का जीवन सरल बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग की पुरानी शिकायतें लंबित हैं, उनका शीघ्र समाधान करवाना सुनिश्चित करे और इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः सुमित गिरी

**नारनौल।** रेडक्रॉस सोसायटी में युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की ओर से चार जून को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर माजरी धाम के संत सुमित गिरी महाराज ने युवाओं व श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने का आह्वान किया। महाराज ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान महादान के समान पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया एक छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।

### ग्रामीणों ने भ्रूणहत्या रोकने की शपथ ली

**नारनौल।** गांव शहरपुर व छापड़ा सलीमपुर में गिरते लिंगानुपात को सुधारने व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में ग्रामीणों को भ्रूणहत्या के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई गई। शहरपुर ग्राम पंचायत सरपंच अनीता की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंच, नम्बरदार, गर्भवती महिलाएं, योग्य दंपत्ति व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सीएचओ मनीष यादव ने किया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू सुनीता देवी व आशा वर्कर्स सुमन देवी व मंजू मौजूद रही। छापड़ा सलीमपुर ग्राम पंचायत सरपंच एकता कुमारी की मौजूदगी में हुई बैठक में गिरते लिंगानुपात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। यहां भी सीएचओ मनीष यादव की अध्यक्षता में एमपीएचडब्ल्यू सुनीता देवी व आशा वर्कर लीलावती आदि मौजूद रहीं।

## 31 को कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर सफाईकर्मी करेंगे प्रदर्शन

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 31 तक बढ़ी

**26000 रुपये न्यूनतम वेतन देने की कर रहे हैं मांग**

- प्रदेश सरकार 10500 सफाई कर्मचारियों की सुध लेने की बजाय झूठे ढकोसले कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर जारी हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही और यूनियन ने हड़ताल को 31 मई तक बढ़ा दिया है। गत 24-25 मई को नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर दो दिवसीय महापड़ाव में हड़ताल 31 मई तक बढ़ाया और सभी जगह पहले की तरह हड़ताल कर धरना शुरू किया।

वहीं महापड़ाव में 29 से 31 मई तक सभी मंत्रियों के आवास पर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में भिवानी, दादरी व रोहतक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 31 मई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों को मनवाने के लिए रोष जताएंगे। उल्लेखनीय हैं कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू की हड़ताल लगातार 12 दिन से जारी हैं। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता राजेंद्र धनाना व संचालन गोबिन्द ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि आज हड़ताल को 12 दिन हो गए हैं, लेकिन प्रदेश की नायब सैनी सरकार के 10500 सफाई कर्मचारियों की सुध लेने की बजाय झूठे ढकोसले कर रही है। आज महंगाई, बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है, मगर भाजपा सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की आवाज को लगातार अनदेखा कर रही है। 19 साल से काम कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को न पक्का किया जा रहा और न जीने लायक न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है।

**एक्सग्रेसिया स्कीम लागू करें**

यूनियन नेताओं ने भाजपा सरकार को चेताते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध रखने वाले लोगों की वजह से भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, मगर भाजपा सरकार ने इनको भुला दिया है, जिसका खामियाजा सरकार को भविष्य में भुगतना पड़ेगा। रोष प्रदर्शन व सभा को सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार, सुखदेव पालुवास, किसान सभा नेता कॉमरेड ओमप्रकाश, यूनियन नेता गोविंद, दुष्यंत मिताथल, अजमेर, रमेश, अनिल व वीरभान आदि नेताओं ने संबोधित किया और यूनियन की ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का कर्मचारी घोषित करने, 26000 रुपये न्यूनतम वेतन देने, एक्सग्रेसिया स्कीम लागू करने व 400 की आबादी पर स्थायी कर्मचारी की भर्ती करने की मांग की और सरकार से समय रहते उक्त मांगों को लागू करने का आह्वान किया।



भिवानी। अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण जलापूर्ति ग्राम पंचायतों को सौंपने पर जताया विरोध

- अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग परिमण्डल भिवानी के कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और ग्रामीण जलापूर्ति ग्राम पंचायतों को सौंपने के विरोध स्वरूप अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चठा उपस्थित रहे। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान संजय मिश्रा ने की। मंच संचालन जिला सचिव ईश्वर खुंड़िया ने किया।

रोष प्रदर्शन में जनस्वास्थ्य विभाग के विभाग में संबंधित शाखाओं के सैंकड़ों कौशल व पक्के कर्मचारियों ने भाग लिया। रोष प्रदर्शन का मुख्य एजेंडा हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण जलापूर्ति को पंचायतों को सौंपने का विरोध करना व कर्मचारियों की अन्य महत्वपूर्ण मांगे एजेंडे में शामिल रही। हरियाणा में सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए, पुरानी एक्सग्रेसिया पॉलिसी बहाल की जाए, एनपीएस अविलम्ब समाप्त होना चाहिए। मेडिकल कैशलेस नीति का हरियाणा के कर्मचारियों को कोई लाभ नही मिल रहा। मेडिकल कैशलेस नीति हरियाणा में हवा-हवाई साबित हो रही है। विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाए। एक्सग्रेसिया नीति पूर्ण रूप से लागू की जाए, आठवें वेतन आयोग का लाभ नियमित व सभी रिटायर कर्मचारियों को दिया जाए, करोनाकाल का बकाया डीए एरियर दिया जाए, ब्लॉक 2020-2023 की एलटीसी का लाभ अब भी बहुत से कर्मियों को नहीं मिल पाया, तुरंत प्रभाव से एलटीसी जारी की जाए। पिछले दो वर्षों से बजट का बहाना बनाकर रोकी गयी डांगरी, रैनकोट, जूते, साबुन की पेमेंट अब तक जारी नहीं की हैं, उसे जारी करने व वर्दी भत्ता देने की मांग उठाई।

इस मौके पर अनिल बड़गुजर, बलवंत लोहिया, धर्मेंद्र ग्रोवर, सूरजमल लेघा, ओमवीर राणा, सज्जन सांगा, गोविंद खरकड़ी, रामअवतार, आजाद सिंह यादव, विनोद रोहिल्ला व महिपाल आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी तीन दिन जिला स्तर पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



लोहारू। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

सरकार से पक्का आश्वासन न मिलने के कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी लोहारू के सामने धरना पुनः शुरू करते हुए हड़ताल 31 मई तक बढ़ा दी है। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान हरपाल बड़्दु मुगल ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी 16 मई से हड़ताल पर चल रहे है।

24 एवं 25 मई को नरवाना में पूरे हरियाणा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने महापड़ाव आयोजित किया जिसमें पूरे हरियाणा से 8000 से ज्यादा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के आवास का घेराव किया। राज्य कार्यकारिणी ने हड़ताल 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। निर्णयानुसार सभी कर्मचारी पहले की तरह हड़ताल को जारी रखेंगे और अपने अपने ब्लॉक और जिलों में रविवार को छोड़कर बाकी दिनों में मोर्चा जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अगले कदम के रूप में भाजपा मंत्रियों के आवासों का घेराव किया जाएगा। 29, 30 व 31 मई को पूरे हरियाणा में जिला स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे और ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे।

**बढ़ाया हौसला**

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के खंड लोहारु प्रधान डॉ सुरेश भारद्वाज ने धरनास्थल पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि नरवाना में आयोजित महापड़ाव से सरकार पर दवाब बढ़ा है। उन्होंने बताया कि यूनियन के संघर्ष में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कंधे से कंधा मिला कर साथ चल रहा है। 26 मई से नरवाना से कुरुक्षेत्र पदयात्रा शुरू कर दी गयी है। ये पदयात्रा 3 जून तक सीएम सिटी कुरुक्षेत्र में पहुंचेगी।

# कुंगड़ स्कूल का प्रवीन रहा प्रथम

- योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक एवं एकाग्रता का माध्यम भी : धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पीएमश्री कन्या स्कूल में जिला स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करती डाइट प्रभारी मोनिका। फोटो : हरिभूमि

पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में जिला स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता एससीईआरटी गुरुग्राम के दिशा-निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी के कुशल नेतृत्व में हुई। डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता का माध्यम भी है। प्रतियोगिता में जिले के सातों खंडों से कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों ने अंडर-14 एवं अंडर-17 श्रेणी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंडर-14 बालक वर्ग' प्रथम स्थान प्रवीन, राजकीय वमा विद्यालय, कुंगड़, अंडर-14 बालिका वर्ग प्रथम स्थान तमन्ना, राजकीय उच्च विद्यालय, दुर्जनपुर, अंडर-17 बालक वर्ग प्रथम स्थान सौरव को मिला।

# प्रगणक और सुपरवाइजर को किया सम्मानित

- तहसील तोशाम क्षेत्र जनगणना 2027 महा अभियान का पहला चरण समय पर हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। जनगणना कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा करने वाले प्रगणक व सुपरवाइजर को सम्मानित करते नायब तहसीलदार। फोटो : हरिभूमि

तहसील तोशाम क्षेत्र में चल रहे जनगणना 2027 महाअभियान के पहले चरण को रिकार्ड समय में पूरा कर लिया है। रिकॉर्ड समय में कार्य पूरा करने वाले प्रगणक और सुपरवाइजर को नायब तहसीलदार व तहसील जनगणना के इंचार्ज अशोक कुमार ने सम्मानित किया। नायब तहसीलदार ने जनगणना के प्रति कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की जमकर तारीफ की। नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने बताया कि तोशाम तहसील क्षेत्र में जनगणना अभियान के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके लिए सुपरवाइजर व प्रगणक बधाई के पात्र हैं। प्रथम चरण के लिए 30 मई तक की समयसीमा निर्धारित की गई थी लेकिन कर्मचारियों ने तय समय से पहले ही अपना कार्य पूरा कर राष्ट्र के विकास के इस कार्य में प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में जनगणना कार्य मे सुपरवाइजर 53 और 322 प्रगणक कार्य कर रहे थे।

**प्रेरणा का स्रोत**

इन कर्मचारियों की कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा से प्रभावित होकर तहसील कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कहा कि ऐसे कर्मचारी प्रशासन की कार्यप्रणाली को मजबूत करते हैं और अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में दिव्यांग कर्मचारियों ने भी उत्कृट कार्य किया, जिनको सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कुछ ब्लॉक ऐसे रहे, जिनमें हाउस संख्या पांच सौ से ऊपर थे, इसके बावजूद सम्बंधित कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया और गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

### दादरी सहित पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार समान विकास के लिए दृढ संकल्पबद्धः सैनी

**चरखी दादरी।** नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी द्वारा लगातार यही प्रयास किया जा रहा है कि जनसेवा के कामों को अपने कार्यकाल के दौरान अधिक से अधिक करते हुए दादरी के प्रत्येक स्थान पर सुविधाएं पहुंचाई जा सके। इसके लिए वो लगातार वरिष्ठों से मुलाकात कर उन्हें दादरी में करवाए जा रहे कामों से अगवत करवा रहे है, उनका मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे है। इसी कड़ी में उन्होंने बीते दिवस भिवानी पहुंचकर कार्यक्रम में आए हुए पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय सरकार में मंत्री मनोहरलाल से मुलाकात की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

# कर्मियों व पेंशनरों के मुद्दों पर देशव्यापी हुंकार

- राष्ट्रीय रैली को लेकर देशभर में विभिन्न चरणों में चलाए जाएंगे जनसपंर्क अभियान : लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा व मंचासीन अन्य। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने देश के कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों, संविदा कर्मियों और सार्वजनिक क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को लेकर बड़े देशव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। महासंघ ने साफ किया कि संघर्ष सिर्फ कर्मचारियों की मांगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, सार्वजनिक सेवाओं, शिक्षा और संविधान की मूल भावना को बचाने के लिए व्यापक जनआंदोलन का रूप लेगा। देशभर में सघन जनसंपर्क अभियान चलाने के बाद 12 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रैली आयोजित की जाएगी।

**नियत में खोट**

लांबा ने हरियाणा में चल रहे सर्व कर्मचारी संघ के आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम और ठेका व पार्ट-टाइम कर्मचारियों को पक्का करने में सरकार के सामने कोई कानूनी अड़चन नहीं है। लांबा ने कहा कि कर्मचारियों को पक्का न करने के पीछे सिर्फ सरकार की नीयत का खोट है।

## जून में ही नई ट्रांसफर पॉलिसी जारी हो :सुंदरपाल

- विद्यालयों में अवकाश होने के कारण यही सबसे उपयुक्त समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

डेमोक्रेटिक टीचर्स एसोसिएशन के राज्य संगठन सचिव सुंदरपाल फोगाट ने कहा कि हरियाणा के शिक्षकों की लंबे समय से लंबित ट्रांसफर प्रक्रिया को लेकर अब सरकार को गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए। जून माह में विद्यालयों में अवकाश होने के कारण यही सबसे उपयुक्त समय है जब शिक्षकों के तबादले बिना विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित किए किए जा सकते है, इस समय नई ट्रांसफर पॉलिसी जारी नहीं की गई, तो पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों शिक्षक तबादलों से वंचित रह जाएंगे और अगले वर्ष तक फिर इंतजार करना पड़ेगा। फोगाट ने कहा कि इसके लिए ट्रांसफर के इच्छुक शिक्षकों को एकजुट होकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मुलाकात करनी चाहिए और अपनी मांग मजबूती से रखनी चाहिए ताकि जून माह में ही ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू हो सके।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## एडीसी ने विभिन्न योजनाओं एवं सफाई व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

# कचरा प्रबंधन के लिए अधिकारी घर से करें शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एडीसी दीपक बाबूलाल।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड वाइज सफाई व्यवस्था, ठोस कचरा प्रबंधन नियम- 2026 (शहरी एवं ग्रामीण), पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण, जल जीवन मिशन तथा जल संचय जनभागीदारी अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने घर से कचरा प्रबंधन की शुरुआत कर एक उदाहरण बनें। उन्होंने शहर में सभी वार्डों के साथ-साथ विशेषकर सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएमसी हरबीर सिंह ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल -2026 की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान एडीसी ने शहरी स्थानीय नगर निकाय एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। ऐसे में एक फिर से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक वार्ड की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। एडीसी ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धूल नियंत्रण, अवैध कचरा जलाने की घटनाओं पर रोक तथा निर्माण स्थलों पर निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए।

**पर्याप्त मात्रा में मिले जल**

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए एडीसी ने कहा कि पेयजल इंसान की सबसे पहली मूलभूत सुविधाओं में से एक है। प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलना चाहिए। उन्होंने जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संरक्षण के लक्ष्य के तहत स्रोत तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सुशासन सहयोगी रिषव रंजन, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. देवीलाल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल, पोलूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा, यातायात प्रबंधक संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।